**S.V.P.T.'s SARASWATI VIDYALAYA AND JR COLLEGE (SCI & COMM.)**

**GHODBUNDER ROAD THANE**

**I SUMMATIVE EVALUATION–2017-18**


**STD : IX** **MARKS - 100**

**DATE :** **SUB:HINDI** **TIME:**

## विभाग – १ गदय्

**प्र.१ क) परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :-**

१. संजाल पर्ण किजीए,। (२)




चित्तौड़गढ़ का नाम आए या चेतक का, तुरंत एक वीर, साहसी और स्वाभिमानी देशभक्त का चित्र मानसपटल वर सजीव हो उठता है। महाराणा प्रताप, जिन्होंने चित्तौड़ की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, लेकिन आत्म-समर्पण नहीं किया। भले ही महलों को त्यागकर जंगल में शरण लेनी पड़ी, बच्चों और परिवार को भूखा रखना पड़ा, विशाल धरती शैया और खुली नीलगगन चादर रहा, पर हार नहीं मानी । ऐसे ही एक और देशक्त और स्वामिभक्त की याद ताजा हो जाती है - भामाशाह जिसने अपनी सारी पूँजी अपने स्वामी सम्राट राणा प्रमाप के चरणों में अति विनम्र भाव से रख दी। इसी शहर से मीरा जैसी कृष्ण भक्त की यादें भी जुड़ी हैं। यो यह छोटा सा शहर है लेकिन इसके कण-कण में वीरता, त्याग और भक्तिभाव भरा दिखता हे। यहाँ के बाशिंदों की सहजता, सरलता और

भाईचारा देखकर सहज ही यहाँ के महापुरुषों के गुणों की अभिव्यक्ति हो जाती है, जो इन्हें विरासत में मिले प्रतीत होते हैं।


**२) उत्तर लिखिए :-** **(१)**

i) चित्तौड़गढ़ के कण-कण में व्याप्त है -

१) ...................... २) ......................

**३) आकृति पूर्ण करो :-** **(१)**

१)




**४) निम्नलिखित वाक्यों का सूचना के अनुसार काल परिवर्तन करके लिखिए :-** **(१)**

१) महाराणा प्रताप ने चित्तौड़ की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। (पूर्ण वर्तमानकाल)

२) यह छोटा-सा शहर है। (पूर्ण भूतकाल)

**ख)** **निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए :-** **(१)**

१) याद २) वसुंधरा

**ग)** **‘सच्चा देशभक्त’ इस विषय पर अपने विचार लिखिए।** **(२)**

**ख)** **परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :-** **(२)**

१) उत्तर लिखिए :-

१) प्रदूषण की चपेट में आए जलस्रोत - [ ]

२) प्रदूषण का मुख्य कारण - [ ]

३) परिच्छेद में इसे मनुष्य की सहचरी कहा गया है – [ ]

४) नगर में इनका जाल बिछा है - [ ]

आज विश्व के सामने अनेक समस्याएँ मुँह बाये खड़ी हैं। इनमें प्रदूषण की समस्या बड़ी और भयंकर है। यह समस्या मुख्य रुप से विज्ञान की देन है। प्राचीनकाल में ‘प्रदूषण’ शब्द को कोई जानता तक न था। प्रकृति में एक संमुतन था। वायु तथा जल शुद्ध थे, धरती हरी-भरी और उपजाऊ थी।

प्रकृति स्वभाव से ही मनुष्य की सहचरी रही है। विज्ञान की शक्ति पाकर मनुष्य ने प्रकृति पर विजय का अभियान आरंभ किया है, फलत: आज प्रदूषण सभी जगह समान रुप से मौजूद है। नदी, नाले, सागर, महासागर सभी इसकी चपेट में आ गए हैं। महानगरों में तो यह समस्या दिन-प्रतिदिन भयंकर रुप धारण करती जा रही है। प्रदूषण के बढ़ने के अनेक कारण हैं, परंतु सर्वप्रमुख कारण है वनों का कटाव। बढ़ती हुई आबादी के दबाव के कारण वनों को लगातार काटा जा रहा है इससे ऋतुचक्र में भी परिवर्तन आ गया है।

इस प्रकार वृक्षों का कटाव तथा नएं वृक्षों का न लगना तो प्रदूषण का कारण है की,

इसके अतिरिक्त आज नगरों में कल-कारखानों का जाल-सा बिछता जा रहा है। अनेक छोटे-बड़े उद्योग धंधो, तरह – तरह की गैस और कचरा छोड़ने वाली फैक्टरियों का विस्तार हो रहा है। इन सबसे वायु-प्रदूषण बढ़ रहा है।

२) **आकृति पूर्ण कीजिए।** (१)

i) [ ] — वायु प्रदूषण के कारण — [ ]

ii) प्राचीन काल में प्रकृति की विशेषताँए → [ ], [ ] (१)

३) १) **विलोम शब्द लिखिए।** (१)

१) उपजाऊ X [ ]   २) अशुध्द X


२) **वचन बदलिए ।** (१)

१) नाला - [ ]   २) नदी - [ ]

४) **प्रदूषण कम करने के उपाय सुझाइए** (२)

ख)	**परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :-**


क)	**आकृति पूर्ण किजिए :-** (१)





गंगा देश की महत्त्वपूर्ण नदी भारत के तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल में से होकर गुजरती है। भारत के इस माध्यम भाग को गंगा मैदान कहते हैं। गंगा के कारण यह प्रदेश अत्याधिक  उपजाऊ, संपन्न, तथा हरा – भरा है। इन राज्यों में कृषि-उपज से संबंधित तथा कृषि पर आधारित अनेक उद्योग-धंधे भी फैले हैं, जिनये लाखों लोगों की जीनिका तो चलती ही है, राष्ट्रीय आय में भी वृद्धि होती है। गंगा तथा उसकी नही के माध्यम से पेयजल भी प्राप्त होता हे। इसीलिए गंगा उत्तर भारत की सबसे पवित्र तथा महत्वपूर्ण नदी है। भारत के प्राचीन ग्रंथों जैसे वेद, पुराण, महाभारत आदि में गंगा की पवित्रता का वर्णन है। गंगा के किनारे भारत के अनेक तीर्थ स्थित हैं।

ख)	**आकृति पूर्ण करो :-** (१)

i)




ii)



**ग)१)** **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :-** (१)

i) गंगा - ii) जल -

**२)** **गदयांश में प्रयुक्त जातिवाचक संज्ञा लिखिए ।** (१)

i) ______________ ii) _____________

**घ)** **स्वमत अभिव्यक्ति**


'यदि गंगा नदी न होती' विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। (२)

## विभाग २ – पद्‌य


**प्र.२** **क)** **निम्नलिखित पदयांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए:-** (६)

१) आकृति पूर्ण कीजिए :-

i)





ii)




यह हार एक विराम है
जीवन महा-संग्राम है
तिल-तिल मिटूँगा पर दया की भीख मैं लूँगा नही।
वरदान माँगूँगा नहीं।

स्मृति सुखद प्रहरों के लिए
अपने खंडहरों के लिए
यह  जान लो मैं विश्व की संपत्ति चाहूँगा नहीं
वरदान माँगूँगा नहीं।
क्या हार में क्या जीत में
किंचित नहीं भयभीत मैं
संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही वह भी सही।
वरदान माँगूँगा नहीं।

२) १) (१)




२) पदय में पुनरावर्तन हुई पंक्ति :- (१)

३) कवि किन परिस्थितियों में वरदान नही माँगना चाहतें : इसको अपने शब्दो में व्यक्त करो। (२)

**छ) निम्नीलिखित पदयांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कीजिए :- (६)**

१) प्रस्तुत कविता के कवि का नाम लिखो। (१)

२) प्रस्तुत कविता का नाम लिखो । (१)

शील, विनय, आदर्श, श्रेष्ठता तार बिना झंकार नहीं है,
शिक्षा क्या स्वर साध सकेगी यदि नैतिक आधार नहीं है,
कीर्ति कौमुदी की गरिमा में संस्कृति का सन्मान न भूलें !!
निर्माणों के प्रावन युग में हम चरित्र न भूलें,
स्वार्थ साधना की आँधी में वसुधा का कल्याण न भूलें!!
आविष्कारों की कृतियों में यदि मानव का प्यार नहीं है,

सृजनहीन विज्ञान व्यर्थ है प्राणी का उपकार नहीं है,
भौतिकता के उत्थानो में जीवन का उत्थान न भूलें !!
निर्माणों के प्रावन युग में हम चरित्र न भूलें,
स्वार्थ साधना की आँधी में वसुधा का कल्याण न भूलें!!


३) ''आविष्कारों की कृतियों में यदि मानव का प्यार नहीं है, ................ जीवन का उत्थान न भूलें !! प्रस्तुत पंक्ति का अर्थ लिखो । (२)

४) उपर्युक्त कविता का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए । (२)


**ज) निम्नलिखित पद्यांश पढंकर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :-** **(६)**

प्र.१ १) (१)

गाँव की विशेताएँ





२) (१)




अहा ग्राम्य जीवन भी क्या है,
क्यों न इसे सबका मन चाहे,
थोड़े में निर्वाह यहाँ है
ऐसी सुविधा और कहाँ है ।
यहाँ शहर की बात नहीं हैं
अपनी-अपनी घात नहीं है
अनाचार का नाम नहीं है।
सीधे-सादे, भोले-भाले
हैं ग्रामीण मनुष्य निराले है।

एक दूसरे की ममता है
सब में प्रेममशी समता है
यदयपि ये काले हैं तन से,
पर अति ही उज्ज्वल हैं मन से ।

प्र.२. १) (१)




२) ऐसे प्रश्न बनाकर लिखिए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों :- (१)


१) समता .................. २) शहर ही ................

**प्र.३.उपर्युक्त कविता का सरल अर्थ लिखिए ।** **(२)**


## विभाग ३ – पूरक पठन

**प्र.३.क) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :-**

१) आकृति पूर्ण करो :- (१)



२)　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　(२)





दिसंबर – जनवरी ही हाड़ कैपाती ठंड हो, झमाझम बरसती वर्षा या उमस भारी गरमी की रातें। हर मौसम में राम बारह बजे के बाद चौकीदार नाम का यह निरीह पाणी सड़क पर लाठी ठोकते, सीटी बजाते, हमें सचेत करते हुए कालोनी में रातभर चक्कर लगाते रोज सुनाई पड़ता है। हर महीने की तरह पहली तारीख को हल्के से गेट बजाकर खड़ा हो जाता है, साब जी, पैसे ?' ''कितने पैसे ?'' वह उससे पूछता है। ''साब जी, एक रुपया रोज के हिसाब से महीने के तीस रुपए। आपको हो मालूम ही है। 'अच्छा एक बात बताओ बहादुर, महीने तें तुम्हें कितने घरों से पैसे मिल जाते हैं? ''साब जी यह पक्का नहीं है, कभी साठ घर से कभी पचास से । तीज-त्योहार पर बाकी घरों से कभी कुछ मिल जाता है। इतने में ठीकठाक गुजारा हो जाता है हमारा'। 'पर कॉलौन में तो सौ-सवा सौ से भी अधिक घर है, फिर इतने कम क्यों... ?'

**३)　'रात के चौकीदार' के बारें में अपने विचार ६ से ८ वाक्यों में लिखो।**　(२)

**प्र.३　ख)　निम्नलिखित पदयांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :-**　(४)

१)　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　(१)



२)　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　(१)

लोटा होता है

मन का　　　　　　　　　तन का

रात समय वह मेरे आवे । भोर भये वह घर उठि जावे।।
यह अचरज है स ... साजन ? ना सखि ता
वह आवे तब शा ... जा और न कोय ।।
मीठे लसेग वाके बोल । ऐ सखि साजन ? ना सखि ढोल।।
जब माँगू तब जल भरि लावे । मेरे मन तपन बुझावे।।
मन का भोरी तन का छोटा। एक सखि साजन ? ना सखि लोटा ।।
बेर-बेर सोवत हि जगावे । ना जागू तो काटे-खावे।।
व्याकुल हुई मैं हक्की – बक्की । ऐ सखि साजन ? ना सखि मक्खी ।।

**३)　उपर्युक्त कविता सरल अर्थ लिखिए।**　　　　　　　　　　　　　　(२)

## विभाग – ४

**प्र.४　१)　अधोरेखांकित शब्दों के भेद पहचानकर लिखिए :-**　　　　　　　　(२)

१) <u>कोकिला</u> सबैं सुहावन ।

२) <u>पानी</u> बाढ़ो नाव में।

**२)** **निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए :-** **(२)**

१) यह शंका करना व्यर्थ था कि उनकी हत्या कर दी गई होगी।

२) धीरे – धीरे कई महीने बीत गए।

**३)** **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के भेद पहचानकर लिखिए :-** **(२)**

१) उन्होंने पुलिस स्टेशन को फोन किया।

२) उन्हें लेने कोई गाड़ी आई थी।

**४)** **निम्नलिखित शब्दों के संधि विच्छेद करो।** **(२)**

१) शंका २) देवेंद्र

**५)** **रचना की दृष्टि से निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए।** **(२)**

१) इस ग्रहा का नाम बड़ा विचित्र सा है।

२) यह एक ऐसा ग्रह है जहाँ विज्ञान अपनी चरमसीमा को पहुँच चुका है।

**६)** **निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो ।** **(२)**

१) हतप्रभ रहना - २) तिल-तिल मिटना

**७)** **निम्नलिखित वाक्यों को शुध्द करके लिखिए :-** **(२)**

१) चौकसी रखना तो मेरा जिम्मेदारी हैं।

२) में केवल पैसा के लिए ही काम नहीं करता ।

**८)** **निम्नलिखित वाक्यों में से सहायक क्रियाँए पहचानकर लिखिए :-** **(१)**

१)आँटो रिक्शा से सभी ‘उम्मेद भवन’ की और चल पड़े।

२) भूतल पर एक म्यूजियम बनाया गया।

९)　**प्रेरणार्थक क्रिया के रुप लिखिए ।** (१)

१) करना - ............... + .................

२) लिखना - ............... ह .................

## विभाग ५

**प्र.५.　१)　अपने परिसर के चौकीदार दवारा अच्छा कर्म कार्य करने हेतु अभिनंदन करने वाला पत्र लिखिए।** (५)

| | | |
|---|---|---|
| शिकायत कर्ता<br>सुनील मेहता,<br>सी-६, नई आबादी,<br>लुइस वाडी,<br>ठाणे – ४०० ६०४. | मुहल्ले की स्ट्रीट<br>लाइट बंद होने बाबत<br>शिकायत | अभियंता<br>विद्युत अभियंता<br>डिवीजन चार,<br>वागले इस्टेट, ठाणे |

**ब)　अपठित परिच्छे पर आकलन हेतु प्रश्न के उत्तर लिखिए :-** (५)

भाग्य पर विश्वास करने वालों का दावा है कि पिढले जन्मों के कर्मो के अनुसार सफलता – असफलता और सुख-दुख मिलता है। कई बार भरसक प्रयत्लन करने के बाद भी व्यक्ति असफल हो जाता है, तो दुखी हो उठता है। यह मानने के लिए उसे मजबूर होना पड़ता है कि भाग्य में वही लिखा था। सफलता केवल प्रयत्न और परिश्रम से ही नहीं मिलती, उसके लिए व्यावहारिक ज्ञान, सूझबूझ, धैर्य, आत्मविश्वास, एकाग्रता आदि कई गुण आवश्यक हैं। भाग्यवाद व्यक्ति को निराश, निष्क्रिय और अकर्मण्य बना देता है।

प्रश्न :-

१) भाग्यवादी लोग क्या मानते हैं ?

२) कई बार व्यक्ति क्यों दुखी हो जाता हैं ?

३) भाग्यवादी व्यक्ति को क्या बना देती हैं ?

४) सफलता के लिए व्यक्ति में कौन-कौन से गुण होने चाहिए ?

५) उपर्युक्त गदयखंड के लिए शीर्षक लिखिए ?

**३) निम्नलिखित सुवचनों पर आधारित कहानी लिखिए । (कोई १)**

१) पढ़ेगी बेटी तो सुखी रहेगा परिवार। **(६)**

२) श्रम ही सफलता का मार्ग है।

**प्र.६ १) प्रसंग वर्णन**

कुडेदान से कूड़ा- कचरा आसपास फैला हुआ है, उसी में कुछ आवारा कुत्ते तथा अन्य जानवर धूम रहे है साथ ही कुछ गाँए प्लास्टिक की थैलियों को चबा चबाकर खा रही हैं।

**२) नया घर खरीदने पर गृहप्रवेश हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए :-** (५)

**३) निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखिए :-**

१) सेल्फी : सही या गलत **(५)**

२) मेरे आदर्श

३)विज्ञान प्रदर्शनी का वर्णन

◊ ◊ ◊ ◊ ◊